राजस्थान करंट अफेयर्स 2026

17 June 2026

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

Q. युवा आपदा मित्र योजना' के तहत राजस्थान के कितने जिलों में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है?

(A) 04 जिलों में
(B) 13 जिलों में
(C) 09 जिलों में
(D) इनमें से कोई नही

आपदाओं के समय त्वरित राहत, बचाव और जनसहायता को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की महत्वाकांक्षी 'युवा आपदा मित्र योजना' के तहत राजस्थान में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।

- इस योजना के अंतर्गत राज्य के 13 आपदा प्रभावित जिलों के 12 हजार 650 युवा स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है
- प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खोज एवं बचाव (सर्च एंड रेस्क्यू), प्राथमिक उपचार, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, सामुदायिक समन्वय, रोप रेस्क्यू और आपातकालीन प्रतिक्रिया जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Yesterday Revision

01. एयरोस्पेस सेक्टर में राजस्थान में डिफेंस एवं एयरोस्पेस पार्क किशनगढ़ के पास उदयपुर खुर्द में बन रहा है

02. आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (IHR) की अंडर-12 टीम ने देहरादून स्थित हिमाद्रि आइस रिंक में आयोजित आईएचएआई नेशनल अंडर-12 आइस हॉकी चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

03. नरबद खेड़ा, ब्यावर में दुनिया का पहला आरटीआई लिविंग म्यूजियम बनेगा।

04. राजस्थान सरकार द्वारा 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रदेशभर में शहरी और ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया जा रहा है

05. राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिसार (डायरिया) की रोकथाम, उपचार और जन-जागरुकता के लिए 16 जून से 31 जुलाई तक राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया जाएगा

01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (SHVR) 2025-26' में राजस्थान ने पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया है.

(B) इस उपलब्धि के तहत प्रदेश के 11 विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर का मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है.

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

- राजस्थान के शिक्षा विभाग ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है. शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (SHVR) 2025-26' में राजस्थान ने पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया है.
- इस उपलब्धि के तहत प्रदेश के 11 विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर का मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है.

यह इस स्कूल निम्न है:-

- (1) राउप्रावि खरिया गोगलिया (बाड़मेर), (2) राउप्रावि उजीनसिंह का नाडा बेरी (सीकर), (3) राप्रावि रोडेवाला (डूंगरपुर), (4) राउप्रावि अभयपुरा (चूरू),
- (5) पीएमश्री स्कूल परलिया की ढाणी (कोटा), (6) स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट मॉडल स्कूल देवली (टोंक), (7) जीएचएसएस बाबरा (ब्यावर) (8) पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय,AFS उत्तरलाई (बाड़मेर),
- (9) सोफिया गर्ल्स उमावि, वल्लभ नगर (कोटा),(10) दरबार गवर्नमेंट उमावि (इंग्लिश मीडियम), सांभर लेक (जयपुर) (11) जवाहर नवोदय विद्यालय, तलवाड़ा (बांसवाड़ा)

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1)) देहरादून की दून यूनिवर्सिटी में 17 से 19 जून तक आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय युवा संसद 2026' में अजुनी तिवाड़ी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी

(2) अजुनी तिवाड़ी का संबंध राजस्थान की राजधानी जयपुर से है।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

- देहरादून की दून यूनिवर्सिटी में 17 से 19 जून तक आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय युवा संसद 2026' के लिए जयपुर की प्रतिभाशाली छात्रा अजुनी तिवाड़ी का चयन राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है।
- उत्तराखंड यंग थिंकर्स फोरम द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में अजुनी अपनी नेतृत्व क्षमता और वक्तृत्व कौशल का स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद किया गया है।
- पूर्व में भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा सिद्ध कर चुकीं अजुनी इस मंच पर देश भर के युवाओं व नीति-निर्माताओं के साथ संवाद कर राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार रखेंगी।

03.ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े शोधकर्ताओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय जर्नल सस्टेनेबल सिटीज एंड सोसायटी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार कौनसा शहर दुनिया के 50 सबसे अधिक हीट रिस्क वाले शहरों में शामिल है?

(A) अलवर

(B) जयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े शोधकर्ताओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय जर्नल सस्टेनेबल सिटीज एंड सोसायटी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार जयपुर दुनिया के 50 सबसे अधिक हीट रिस्क वाले शहरों में शामिल है।
- अध्ययन में दुनिया के 205 ऐसे शहरों का विश्लेषण किया गया, जिनकी आबादी 10 लाख से अधिक है।
- अध्ययन में जयपुर का हीट एक्सपोजर स्कोर 0.78, संवेदनशीलता स्कोर 0.62 और गर्मी से निपटने की क्षमता में कमी का स्कोर 0.77 पाया गया।
- इन तीनों को मिलाकर जयपुर का समग्र हीट रिस्क स्कोर 0.70 रहा, जो इसे दुनिया के उच्च जोखिम वाले शहरों की श्रेणी में रखता है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) किशाऊ मल्टीपरपज डैम प्रोजेक्ट पर राजस्थान सहित 6 राज्यों के बीच सहमित बन गई है.

(2) किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना भारत और नेपाल की सीमा के पास यमुना नदी पर प्रस्तावित एक बड़ी जलविद्युत और जल-संसाधन परियोजना है

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

- किशाऊ मल्टीपरपज डैम प्रोजेक्ट पर छह राज्यों के बीच सहमित बन गई है.
- गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 16 जून को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के बीच समझौता हुआ.
- किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना भारत और नेपाल की सीमा के पास यमुना नदी पर प्रस्तावित एक बड़ी जलविद्युत और जल-संसाधन परियोजना है
- समझौते के तहत हिमाचल प्रदेश के हिस्से का कुछ पानी दिल्ली और राजस्थान को देने पर सहमति बनी है. साथ ही, जल घटक की 90 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार वहन करेगी, जिससे राज्यों पर वित्तीय बोझ कम होगा.
- परियोजना से जलविद्युत उत्पादन भी बढ़ेगा, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा.

05. राजस्थान के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पहली बार गूगल क्लाउड के साथ मिलकर राज्य का पहला जेनरेटिव एआई कैंपस किस यूनिवर्सिटी में लॉन्च किया गया है?

(A) विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी

(B) महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी

(C) पूर्णिमा यूनिवर्सिटी

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:

- राजस्थान के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पहली बार विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) जयपुर ने गूगल क्लाउड के साथ मिलकर राज्य का पहला जेनरेटिव एआई कैंपस लॉन्च किया है।
- इस पहल के तहत विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,क्लाउड टेक्नोलॉजी और इंटेलिजेंट ऑटोमेशन को शिक्षा, शोध और नवाचार के केंद्र में रखा जाएगा।
- वीजीयू के सीईओ ओंकार बगारिया ने बताया कि इस पहल से विश्वविद्यालय के 19 हजार से अधिक छात्र, फैकल्टी और स्टाफ लाभान्वित होंगे।
- साथ ही 10 हजार से अधिक छात्रों को जेमिनी एंटरप्राइज फॉर एजुकेशन की सुविधा मिलेगी,
- विश्वविद्यालय परिसर में एक समर्पित गूगल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) भी स्थापित किया जाएगा

सुजस ई प्रश्नोत्तरी-116

❶ **'शेखावाटी** हवेली संरक्षण योजना' के तहत मुख्य रूप से किन जिलों की हवेलियों को पर्यटन इकाई के रूप में विकसित किया जा रहा है?
(A) जयपुर, दौसा और अलवर
(B) बीकानेर, चूरू और हनुमानगढ़
(C) झुंझुनूं, चूरू और सीकर
(D) जोधपुर, नागौर और पाली

❷ **'प्रधानमंत्री** पोषण योजना' के क्रियान्वयन में राजस्थान लगातार दो वर्षों से देश में किस स्थान पर बना हुआ है?
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) पांचवें

❸ **देश** में रेल आधारित लॉजिस्टिक्स को सुदृढ़ करने वाले 'वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर' का विस्तार किन दो प्रमुख स्थानों के मध्य है?
(A) लुधियाना से डंकुनी
(B) जेएनपीटी से दादरी
(C) सराय काले खां से बहरोड़
(D) कांडला पोर्ट से रेवाड़ी

❹ **राज्य** सरकार द्वारा प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' का आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है?
(A) 1 जून से 30 जून 2026 तक
(B) 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक
(C) 15 जून से 15 अगस्त 2026 तक
(D) 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक

❺ **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत सिरोही जिले की उपज कौन सी है?
(A) मेहन्दी (B) जीरा
(C) सौंफ (D) गाजर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

Q. राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिसार (डायरिया) की रोकथाम, उपचार और जन-जागरुकता अभियान कब से शुरू किया गया है?

(A) 15 जून से

(B) 12 जून से

(C) 16 जून से

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine